अनुक्रमांक : ................................ 

नाम ................................................ ................................................

102

**302 (DI)**

**2024**

# सामान्य हिन्दी

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[पूर्णांक : 100*

***निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं । दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

## खण्ड क

**1.** (क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी गद्य की प्रथम पुस्तक माना है : *1*

(i) 'नासिकेतोपाख्यान' को (ii) 'चंद छंद बरनन की महिमा' को

(iii) 'भाषा योगवाशिष्ठ' को (iv) 'सुखसागर' को

(ख) गुलाबराय की रचना 'मेरी असफलताएँ' की विधा है : *1*

(i) उपन्यास (ii) नाटक

(iii) निबन्ध (iv) कहानी

(ग) 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक हैं : *1*

(i) बालकृष्ण भट्ट (ii) धर्मवीर भारती

(iii) कमलेश्वर (iv) प्रतापनारायण मिश्र

(घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी का उपन्यास है : *1*

(i) 'त्यागपत्र' (ii) 'रंगभूमि'

(iii) 'पुनर्नवा' (iv) 'तट की खोज'

(ङ) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' की रचना है : *1*

(i) 'विचार-प्रवाह' (ii) 'माटी हो गई सोना'

(iii) 'परख' (iv) 'साहित्य और समाज'



PDF Hindustanknowledge.com

2. (क) भारतेन्दुयुगीन कवि हैं : 1

(i) 'प्रेमघन' (ii) महादेवी वर्मा

(iii) भवानी प्रसाद मिश्र (iv) नरेन्द्र शर्मा

(ख) 'हुंकार' काव्य के रचयिता हैं : 1

(i) सुमित्रानन्दन पन्त (ii) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन, 'अज्ञेय'

(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर' (iv) मुक्तिबोध

(ग) प्रयोगवादी काव्यधारा के प्रमुख कवि हैं : 1

(i) केदारनाथ अग्रवाल (ii) त्रिलोचन

(iii) नागार्जुन (iv) शमशेर बहादुर सिंह

(घ) 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है : 1

(i) 1959 (ii) 1969

(iii) 1951 (iv) 1941

(ङ) 'पल्लव' से उद्धृत कविता 'परिवर्तन' के रचयिता हैं : 1

(i) महादेवी वर्मा (ii) सुमित्रानन्दन पन्त

(iii) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (iv) जयशंकर प्रसाद

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

अशोक को जो सम्मान कालिदास से मिला, वह अपूर्व था । सुन्दरियों के आसिंजनकारी नूपुरवाले चरणों के मृदु आघात से वह फूलता था, कोमल कपोलों पर कर्णावतंस के रूप में झूलता था और चंचल नील अलकों की अचंचल शोभा को सौ गुना बढ़ा देता था । वह महादेव के मन में क्षोभ पैदा करता था, मर्यादा पुरुषोत्तम के चित्त में सीता का भ्रम पैदा करता था और मनोजन्मा देवता के एक इशारे पर कन्धे पर से ही फूट उठता था ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) संस्कृत के किस कवि ने अशोक को सम्मानित किया है ?

(घ) अशोक पर फूल आने के सम्बन्ध में लेखक के क्या विचार हैं ?

(ङ) आसिंजनकारी तथा कर्णावतंस के अर्थ लिखिए ।

**अथवा**



PDF.Hindustanknowledge.com

निन्दा कुछ लोगों की पूँजी होती है । बड़ा लम्बा-चौड़ा व्यापार फैलाते हैं वे इस पूँजी से । कई लोगों की प्रतिष्ठा ही दूसरों की कलंक-कथाओं के पारायण पर आधारित होती है । बड़े रस-विभोर होकर वे जिस-तिस की सत्य-कल्पित कलंक-कथा सुनाते हैं और स्वयं को पूर्ण संत समझने-समझाने की तुष्टि का अनुभव करते हैं ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) निन्दा किसकी पूँजी होती है ?

(घ) 'सत्य-कल्पित, कलंक-कथा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) कुछ लोगों की प्रतिष्ठा का आधार क्या होता है ?

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

मेरे प्यारे नव जलद से कंज से नेत्र वाले ।
जाके आये न मधुवन से औ न भेजा सँदेसा ।
मैं रो-रो के प्रिय-विरह से बावली हो रही हूँ ।
जाके मेरी सब दुःख-कथा श्याम को तू सुना दे ।।

(क) प्रस्तुत पद्यांश का संदर्भ लिखिए ।

(ख) पवन-दूतिका द्वारा किसने किसको संदेश भेजा है ?

(ग) रेखाङ्कित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(घ) प्रस्तुत पद्यांश में श्रीकृष्ण के सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ङ) प्रस्तुत पद्यांश में प्रयुक्त रस तथा उसका स्थायी भाव लिखिए ।

**अथवा**

मैं नीर भरी दुःख की बदली ।
स्पंदन में चिर निष्पंद बसा,
क्रंदन में आहत विश्व हँसा,
नयनों में दीपक से जलते
पलकों में निर्झरिणी मचली !

PDF Hindustanknowledge.com

(क) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक एवं रचयिता का नाम लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) 'नयनों में दीपक से जलते' में कौन-सा अलङ्कार प्रयुक्त हुआ है ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) कवयित्री के निरन्तर रुदन का क्या कारण है ?

(ङ) उपर्युक्त पद्यांश में कवयित्री ने स्वयं को क्या बताया है ?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी *एक* लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) *3+2=5*

(i) हरिशंकर परसाई

(ii) प्रो. जी. सुन्दर रेड्डी

(iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ख) निम्नलिखित में से किसी *एक* कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) *3+2=5*

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) 'अज्ञेय'

6. 'पञ्चलाइट' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) *5*

**अथवा**

'बहादुर' कहानी की कथावस्तु का सार लिखिए । (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) *5*

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी *एक* खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : *5*

(अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द)

(क) (i) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्धन' का चरित्रांकन कीजिए ।

PDF Hindustanknowledge.com

(ख) (i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

(ग) (i) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग (नमक सत्याग्रह) की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'अयोध्या' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ङ) (i) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'दु:शासन' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथासार लिखिए।

(च) (i) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' का चरित्राङ्कन कीजिए।

## खण्ड ख

8\. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी *एक* का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : *2+5=7*

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीय श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चिरनिर्माणार्थं यादृशीं सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते, नान्यत्र तादृशी।

**अथवा**

महामना विद्वान् वक्ता, धार्मिको नेता, पटु: पत्रकारश्चासीत्। परमस्य सर्वोच्चगुण: जनसेवैव आसीत्। यत्र कुत्रापि अयं जनान् दु:खितान् पीड्यमानांश्चापश्यत् तत्रैव स: शीघ्रमेव उपस्थित: सर्वविधं साहाय्यञ्च अकरोत्। प्राणिसेवा अस्य स्वभाव एवासीत्।



PDF Hindustanknowledge.com

(ख) निम्नलिखित संस्कृत श्लोकों में से किसी ***एक*** श्लोक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2+5=7

जलबिन्दुनिपातेन क्रमशः पूर्यते घटः ।

सः हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च ।।

**अथवा**

न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्याभिषेचनम् ।

अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति ।।

**9.** निम्नलिखित लोकोक्तियों और मुहावरों में से किसी ***एक*** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1+1=2

(क) का वर्षा जब कृषि सुखाने

(ख) अधजल गगरी छलकत जाय

(ग) आग बबूला होना

(घ) आसमान टूट पड़ना

**10.** अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज से कई वर्ष पहले गुरुदेव के मन में आया कि शान्तिनिकेतन को छोड़कर कहीं अन्यत्र जाएँ । स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं था । शायद इसलिए, या पता नहीं क्यों, तै पाया कि वे श्रीनिकेतन के पुराने तिमंजिले मकान में रहें । शायद मौज में आकर यह निर्णय लिया हो । वे सबसे ऊपर के तल्ले में रहने लगे । उन दिनों ऊपर तक पहुँचने के लिए लोहे की चक्करदार सीढ़ियाँ थी, और वृद्ध और क्षीणवपु रवीन्द्रनाथ के लिए उस पर चढ़ सकना असम्भव था । फिर भी बड़ी कठिनाई से उन्हें वहाँ ले जाया जा सका ।

(क) 'गुरुदेव' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? 1

(ख) गुरुदेव ने शान्तिनिकेतन छोड़कर कहीं और रहने का मन क्यों बनाया ? 2

(ग) उनके समीप तक पहुँचने में क्या कठिनाइयाँ थी ? 2

PDF Hindustanknowledge.com

11\. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए : *1+1=2*

(i) अम्ब – अम्बु :

(अ) आम और बादल

(ब) माता और पानी

(स) माता और पिता

(द) इनमें से कोई नहीं

(ii) भवन – भुवन :

(अ) घर और संसार

(ब) लोक और परलोक

(स) ग्राम और जगत

(द) इनमें से कोई नहीं

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी ***एक*** शब्द के दो अर्थ लिखिए : *1+1=2*

(i) वारिद

(ii) द्विज

(iii) मित्र

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए : *1+1=2*

(i) जिसका कहीं अन्त न हो :

(अ) अनेक

(ब) अनन्त

(स) अगण्य

(द) अभिन्न

(ii) कम बोलने वाला :

(अ) अमितभाषी

(ब) बहुभाषी

(स) मितभाषी

(द) मृदुभाषी

PDF Hindustanknowledge.com

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1+1=2

(i) पुत्री पराया धन होता है ।

(ii) आज मेरा बड़ा भाई आ गया ।

(iii) तुम मेरे को पुस्तक दे दो ।

(iv) मैं इस लड़के को पढ़ाया हूँ ।

12. (क) 'करुण' रस **अथवा** 'शान्त' रस का लक्षण बताते हुए उसका एक उदाहरण लिखिए । 1+1=2

(ख) 'श्लेष' अलङ्कार **अथवा** 'उत्प्रेक्षा' अलङ्कार का लक्षण एवं एक उदाहरण लिखिए । 1+1=2

(ग) 'चौपाई' **अथवा** 'दोहा' छन्द का लक्षण एवं एक उदाहरण लिखिए । 1+1=2

13. 'छात्रावास की जीवन-शैली' विषय पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए । 2+4=6

**अथवा**

विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए । 6

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी *एक* पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 2+7=9

(क) भारत में कृषि क्रान्ति

(ख) भारतीय लोकतन्त्र का भविष्य

(ग) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(घ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ङ) मेरा प्रिय कवि/लेखक

PDF Hindustanknowledge.com